# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 19-5-23 | 2 | 6-8 |

## स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन : प्रो. काम्बोज

### एचएयू कैंपस अस्पताल में परामर्श कैंप में 149 मरीजों ने करवाई निःशुल्क जांच



भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस अस्पताल में श्रीरानी दादी मंगालीवाला मल्टी स्पेशियलिटी चैरिटेबल अस्पताल ने एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श कैंप लगाया। मुख्यातिथि विवि के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने रिबन काटकर कैंप का शुभारंभ किया। कैंप में कुल 149 मरीजों की जांच की गई। आंखों से संबंधित 113 मरीजों, दंत संबंधित 25 व 11 महिलाओं की स्त्री संबंधित रोगों की जांच की गई। कैंप में मरीजों की ब्लड शुगर की जांच की गई।

मुख्यातिथि प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि हमारे लिए स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। इसलिए शरीर को स्वस्थ रखना हमारी प्राथमिक तौर पर जिम्मेदारी भी होती है। समय-समय पर चिकित्सा जांच करवानी आवश्यक है ताकि पता रहे कि हम किसी बीमारी से ग्रस्त तो नहीं है। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय की निदेशक डॉ. मंजू मेहता, कृषि अभियांत्रिकी एवं तकनीकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. बलदेव डोगरा, सम्पदा अधिकारी एवं मुख्य अभियंता डॉ. एम.एस.सिधपुरिया सहित अन्य अधिकारीगण व कैंपस अस्पताल के स्टाफ मौजूद रहे। कैंपस अस्पताल में कार्यरत एसएमओ डॉ. प्रीति मलिक ने बताया कि इस निःशुल्क परामर्श कैंप में श्री रानी दादी मंगालीवाला मल्टी स्पेशियलिटी चैरिटेबल अस्पताल के डॉ. रणजीत बैनीवाल (नेत्र रोग विशेषज्ञ) आदि उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 19.5.23 | 5 | 1-4 |


# स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है : प्रो. काम्बोज

हिसार, 18 मई (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस अस्पताल में श्री रानी दादी मंगालीवाला मल्टी स्पेशलिटी चैरिटेबल अस्पताल द्वारा एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श कैंप लगाया गया, जिसमें मुख्यातिथि के तौर पर मौजूद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने रिबन काटकर निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श कैंप का शुभारंभ किया। मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि हमारे लिए स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। इसलिए शरीर को स्वस्थ रखना हमारी प्राथमिक तौर पर जिम्मेदारी भी होती है। अगर हमारा शरीर ही स्वस्थ नहीं होगा तो हम कोई भी काम सही ढंग से नहीं कर पाएंगे। उन्होंने बताया कि चाहे बच्चे हो, किशोर हो, युवा हो या फिर बुजुर्ग, सभी आयु वर्गों के लोगों को समय-समय पर चिकित्सा जांच करवानी आवश्यक है ताकि पता रहे कि हम किसी बीमारी से ग्रस्त तो नहीं है। उन्होंने बताया कि अगर हमें किसी भी बीमारी के शुरुआती लक्षण दिखे तो तुरंत संबंधित चिकित्सक से जांच करवाना न भूलें। दूसरा है संतुलित आहार, हमें दैनिक जीवन में हरी पत्तेदार सब्जियां, सलाद, दालें व दूध का सेवन करना चाहिए ताकि शरीर को आवश्यक तत्व व फाइबर मिलता रहें, जोकि हमारे अंदर रोग प्रतिरोधी क्षमता भी बढ़ाएं। उन्होंने बताया कि हमारी ज्ञानेंद्रियों में आंखें सबसे संवेदनशील अंग हैं। इनको स्वस्थ रखने के लिए रोजाना हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करें। साथ ही ताजा पानी से आंखों को छींटे मारते रहे, जिससे कि आंखें साफ रहें।



निःशुल्क परामर्श कैंप में जांच करवाते हुए मरीज़। साथ मौजूद हैं एचएयू के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज व अन्य।

उन्होंने बताया कि महिलाओं में खून की कमी संबंधित बीमारी अत्याधिक देखने को मिलती है, इससे निजात पाने के लिए महिलाओं को दैनिक जीवन में फलों, हरी सब्जियां व सलाद का सेवन अत्याधिक करना चाहिए। इसके अलावा रोजाना सुबह-शाम दांतों को साफ रखने के लिए ब्रुश करना चाहिए, जिससे कि हमारे दांत किसी भी बीमारी से ग्रस्त न हो। उन्होंने बताया कि 55 या इससे अधिक आयु के लोगों को समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवानी चाहिए ताकि वे अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रह सकें। रोजाना सुबह टहलने जरूर निकलें साथ ही व्यायाम भी करना चाहिए। उन्होंने बताया कि कैंपस अस्पताल विश्वविद्यालय स्टाफ को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत रहता है। कैंपस अस्पताल में कार्यरत एसएमओ डॉ. प्रीति मलिक ने बताया कि इस निशुल्क परामर्श कैंप में श्री रानी दादी मंगालीवाला मल्टी स्पेशलिटी चैरिटेबल अस्पताल के डॉ. रणजीत बैनीवाल (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. शकुंतला अग्रवाल (स्त्री रोग विशेषज्ञ) व डॉ. एलिस पूनिया (दंत रोग विशेषज्ञ) ने अपनी सेवाएं दी, जिसमें कुल 149 मरीजों की जांच की गई। उन्होंने बताया कि आंखों से संबंधित 113 मरीजों, दंत संबंधित 25 व 11 महिलाओं की स्त्री संबंधित रोगों की जांच की गई। इसके अलावा कैंप में मरीजों का ब्लड शुगर की भी जांच की गई। परामर्श कैंप में मुख्यातिथि ने कैंपस अस्पताल में दी जा रही सुविधाओं को लेकर मरीजों से बातचीत की। साथ ही अन्य सुविधाओं का जायजा भी लिया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 19-5-23 | 10 | 6-8 |

# समय पर करवाएं स्वास्थ्य जांच : वीसी

- एचएयू में लगाया गया निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार**

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस अस्पताल में बृहस्पतिवार को एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श कैंप लगाया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने रिबन काटकर निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श कैंप का शुभारंभ किया। मुख्यातिथि प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि हमारे लिए स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है, इसलिए शरीर को स्वस्थ रखना हमारी प्राथमिक तौर पर जिम्मेदारी भी होती है। अगर हमारा शरीर ही स्वस्थ नहीं होगा तो हम कोई भी काम सही ढंग से नहीं कर पाएंगे। कैंपस अस्पताल के एसएमओ डॉ. प्रीति मलिक ने बताया कि कैंप में कुल 149 मरीजों की जांच की गई। उन्होंने बताया कि आंखों से संबंधित 113 मरीजों, दंत संबंधित 25 व 11 महिलाओं की स्त्री संबंधित रोगों की जांच की गई। इसके अलावा कैंप में मरीजों का ब्लड शुगर की भी जांच की गई। इस दौरान कैंपस अस्पताल से डॉ. विरेंद्र, डॉ. सुरभि व डॉ. पुष्पेंद्र भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा मौजूद रहे।



हिसार। निशुल्क परामर्श कैंप में जानकारी देते चिकित्सक व मौके पर उपस्थित विश्वविद्यालय के अधिकारी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 19.5.23 | 4 | 5-6 |

# शरीर को स्वस्थ रखना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी : काम्बोज

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस अस्पताल में श्री रानी दादी मंगालीवाला मल्टी स्पेशलिटी चैरिटेबल अस्पताल द्वारा एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श कैंप लगाया गया, जिसमें मुख्यातिथि के तौर पर मौजूद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने रिबन काटकर निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श कैंप का शुभारंभ किया। मुख्यातिथि ने कहा कि हमारे लिए स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है।

इसलिए शरीर को स्वस्थ रखना हमारी प्राथमिक तौर पर जिम्मेदारी भी होती है।

कैंपस अस्पताल में कार्यरत एसएमओ डा. प्रीति मलिक ने बताया कि इस निशुल्क परामर्श कैंप में श्री रानी दादी मंगालीवाला मल्टी स्पेशियलिटी चैरिटेबल अस्पताल के डा. रणजीत बैनीवाल (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डा. शकुंतला अग्रवाल (स्त्री रोग विशेषज्ञ) व डा. एलिस पूनिया (दंत रोग विशेषज्ञ) ने अपनी सेवाएं दी। आंखों से संबंधित 113 मरीजों, दंत संबंधित 25 व 11 महिलाओं की स्त्री संबंधित रोगों की जांच की गई। इसके अलावा कैंप में मरीजों का ब्लड शुगर की भी जांच की गई।

इस दौरान कैंपस अस्पताल से डा. विरेंद्र, डा. सुरभि व डा. पुष्पेंद्र भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर ओएसडी डा. अतुल ढींगड़ा, अनुसंधान निदेशक डा. जीतराम शर्मा, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डा. केडी शर्मा, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय की निदेशक डा. मंजू मेहता, कृषि अभियांत्रिकी एवं तकनीकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. बलदेव डोगरा, संपदा अधिकारी एवं मुख्य अभियंता डा. एमएस सिधपुरिया आदि मौजूद रहे।



मरीज के साथ मौजूद एचएयू के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज व अन्य। • पीआरओ।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 19.5.23 | 4 | 7-8 |

## स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन : प्रो. काम्बोज



*कैंप में जांच करवाते मरीज के साथ मौजूद एच.ए.यू. के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज व अन्य।*

हिसार, 18 मई (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस अस्पताल में श्री रानी दादी मंगालीवाला मल्टी स्पैशलिटी चैरिटेबल अस्पताल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श कैंप लगाया गया। इसका शुभारंभ मुख्यातिथि कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने रिबन काटकर किया।

प्रो. काम्बोज ने कहा कि हमारे लिए स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। इसलिए शरीर को स्वस्थ रखना हमारी प्राथमिक तौर पर जिम्मेदारी भी होती है। अगर हमारा शरीर ही स्वस्थ नहीं होगा तो हम कोई भी काम सही ढंग से नहीं कर पाएंगे। उन्होंने बताया कि 55 या इससे अधिक आयु के लोगों को समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवानी चाहिए, ताकि वे अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रह सकें। कैंपस अस्पताल में कार्यरत एस.एम.ओ. डॉ. प्रीति मलिक ने बताया कि 149 मरीजों की जांच की गई। इसमें आंखों से संबंधित 113, दंत संबंधित 25 व 11 महिलाओं की स्त्री संबंधित रोगों की जांच की गई। इसके अलावा कैंप में मरीजों का ब्लड शुगर की भी जांच की गई।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 19-5-23 | 2 | 5-7 |

# निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 149 मरीजों की जांच

माई सिटी रिपोर्टर

**एचएयू के कैंपस अस्पताल में एक दिवसीय स्वास्थ्य परामर्श कैंप लगा**

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस अस्पताल में रानी दादी मंगालीवाला मल्टी स्पेशलिटी चैरिटेबल अस्पताल की ओर से एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श कैंप लगाया गया। जिसमें मुख्यातिथि के तौर पर मौजूद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कैंप का शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि चाहे बच्चे हो, किशोर हो, युवा हो या फिर बुजुर्ग, सभी आयु वर्गों के लोगों को समय-समय पर चिकित्सा जांच करवानी चाहिए।हमें दैनिक जीवन में हरी पत्तेदार सब्जियां, सलाद, दालें व दूध का सेवन करना चाहिए। कैंपस अस्पताल में कार्यरत एसएमओ डॉ. प्रीति मलिक ने बताया कि नेत्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रणजीत बैनीवाल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शकुंतला अग्रवाल, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. एलिस पूनिया ने अपनी सेवाएं दीं। शिविर में कुल 149 मरीजों की जांच की गई। मरीजों का ब्लड शुगर की भी जांच की गई।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक ट्रिब्यून | 19.5.23 | 7 | 1-2 |

## हकृवि कैंपस अस्पताल में लगा शिविर, 149 की स्वास्थ्य जांच



हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस अस्पताल में आयोजित परामर्श कैंप में उपस्थित कुलपति प्रो बीआर काम्बोज, चिकित्सक टीम व मरीज। -निस

**हिसार (निस) :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस अस्पताल में एक निजी चैरिटेबल अस्पताल द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श कैंप लगाया गया, जिसमें आंखों, दांत व स्त्री रोगों के मामलों में 149 मरीजों की जांच की गई। इस मौके पर कुलपति प्रो बीआर काम्बोज ने कहा कि हमारे लिए स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। इसलिए शरीर को स्वस्थ रखना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी भी है। अगर हमारा शरीर ही स्वस्थ नहीं होगा तो हम कोई भी काम सही ढंग से नहीं कर पाएंगे। उन्होंने बताया कि चाहे बच्चे हो, किशोर हो, युवा हो या फिर बुजुर्ग, सभी आयु वर्गों के लोगों को समय-समय पर चिकित्सा जांच करवानी चाहिए। कैंप में डॉ रणजीत बैनीवाल (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ शकुंतला अग्रवाल (स्त्री रोग विशेषज्ञ) व डॉ एलिस पूनिया (दंत रोग विशेषज्ञ) ने सेवाएं दीं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 18.05.2023 | | |

# कैंपस अस्पताल में निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप आयोजित

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस अस्पताल में एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श कैंप लगाया गया, जिसमें मुख्यातिथि के तौर पर मौजूद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने रिबन काटकर कैंप का शुभारंभ किया। काम्बोज ने कहा कि हमारे लिए स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। इसलिए शरीर को स्वस्थ रखना हमारी प्राथमिक तौर पर जिम्मेदारी भी होती है। उन्होंने बताया कि चाहे बच्चे हो, किशोर हो, युवा हो या फिर बुजुर्ग, सभी आयु वर्गों के लोगों को समय-समय पर चिकित्सा जांच करवानी आवश्यक है ताकि पता रहे कि हम किसी बीमारी से ग्रस्त तो नहीं है।



निशुल्क परामर्श कैंप में जांच करवाते मरीज के साथ मौजूद एचएयू के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज व अन्य।

उन्होंने बताया कि अगर हमें किसी भी बीमारी के शुरुआती लक्षण दिखे तो तुरंत संबंधित चिकित्सक से जांच करवाना न भूलें। दूसरा है संतुलित आहार, हमें दैनिक जीवन में हरी पत्तेदार सब्जियां, सलाद, दालें व दूध का सेवन करना चाहिए ताकि शरीर को आवश्यक तत्व व फाइबर मिलता रहे।

कैंपस अस्पताल में कार्यरत एसएमओ डॉ. प्रीति मलिक ने बताया कि इस निशुल्क परामर्श कैंप में श्री रानी दादी मंगालीवाला मल्टी स्पेशलिटी चैरिटेबल अस्पताल के डॉ. रणजीत बैनीवाल, डॉ. शकुंतला अग्रवाल व डॉ. एलिस पूनिया ने अपनी सेवाएं दी, जिसमें 149 मरीजों की जांच की गई।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| आज समाज न्यूज | 18.05.2023 | | |


# स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है : प्रो. बी.आर. काम्बोज

- बच्चे, युवा व बुजुर्गों को समय-समय पर चिकित्सा जांच करवानी चाहिए : प्रो. बी.आर. काम्बोज
- एचएयू के कैंपस अस्पताल में आयोजित एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श कैंप का शुभारंभ हुआ

प्रवीन कुमार

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस अस्पताल में श्री रानी दादी मंगालीवाला मल्टी स्पेशलिटी चैरिटेबल अस्पताल द्वारा एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श कैंप लगाया गया, जिसमें मुख्यातिथि के तौर पर मौजूद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने रिबन काटकर निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श कैंप का शुभारंभ किया।

मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि हमारे लिए स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। इसलिए शरीर को स्वस्थ रखना हमारी प्राथमिक तौर पर जिम्मेदारी भी होती है। अगर हमारा शरीर ही स्वस्थ नहीं होगा तो हम कोई भी काम सही ढंग से नहीं कर पाएंगे। उन्होंने बताया कि चाहे बच्चे हो, किशोर हो, युवा हो या फिर बुजुर्ग, सभी आयु वर्गों के लोगों को समय-समय पर चिकित्सा जांच करवानी आवश्यक है ताकि पता रहे कि हम किसी बीमारी से ग्रस्त तो नहीं है। उन्होंने बताया कि अगर हमें किसी भी बीमारी के शुरूआती लक्षण दिखे तो तुरंत संबंधित चिकित्सक से जांच करवाना न भूलें। दूसरा है संतुलित आहार, हमें दैनिक जीवन में हरी पत्तेदार सब्जियां, सलाद, दालें व दूध का सेवन करना चाहिए ताकि शरीर को आवश्यक तत्व व फाइबर मिलता रहें, जोकि हमारे अंदर रोग प्रतिरोधी क्षमता भी बढ़ाएं। उन्होंने बताया कि हमारी ज्ञानेंद्रियों में आंखें सबसे संवेदनशील अंग हैं। इनको स्वस्थ रखने के लिए रोजाना हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करें। साथ ही ताजा पानी से आंखों को छींटे मारते रहे, जिससे कि आंखें साफ रहें। उन्होंने बताया कि महिलाओं में खून की कमी संबंधित बीमारी अत्याधिक देखने को मिलती है, इससे निजात पाने के लिए महिलाओं को दैनिक जीवन में फलों, हरी सब्जियां व सलाद का सेवन अत्याधिक करना चाहिए। इसके अलावा रोजाना सुबह-शाम दांतों को साफ रखने के लिए ब्रुश करना चाहिए, जिससे कि हमारे दांत किसी भी बीमारी से ग्रस्त न हो। उन्होंने बताया कि 55 या इससे अधिक आयु के लोगों को समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवानी चाहिए ताकि वे अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रह सकें। रोजाना सुबह टहलने जरूर निकलें साथ ही व्यायाम भी करना चाहिए। उन्होंने बताया कि कैंपस अस्पताल विश्वविद्यालय स्टाफ को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत रहता है।

कैंपस अस्पताल में कार्यरत एसएमओ डॉ. प्रीति मलिक ने बताया कि इस निशुल्क परामर्श कैंप में श्री रानी दादी मंगालीवाला मल्टी स्पेशलिटी चैरिटेबल अस्पताल के डॉ. रणजीत बैनीवाल (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. शकुंतला अग्रवाल (स्त्री रोग विशेषज्ञ) व डॉ. एलिस पूनिया (दंत रोग विशेषज्ञ) ने अपनी सेवाएं दी, जिसमें कुल 149 मरीजों की जांच की गई। उन्होंने बताया कि आंखों से संबंधित 113 मरीजों, दंत संबंधित 25 व 11 महिलाओं की स्त्री संबंधित रोगों की जांच की गई। इसके अलावा कैंप में मरीजों का ब्लड शुगर की भी जांच की गई।

परामर्श कैंप में मुख्यातिथि ने कैंपस अस्पताल में दी जा रही सुविधाओं को लेकर मरीजों से बातचीत की। साथ ही अन्य सुविधाओं का जायजा भी लिया। इस दौरान कैंपस अस्पताल से डॉ. विरेंद्र, डॉ. सुरभि व डॉ. पुष्पेंद्र भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय की निदेशक डॉ. मंजू मेहता, कृषि अभियांत्रिकी एवं तकनीकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. बलदेव डोगरा, सम्पदा अधिकारी एवं मुख्य अभियंता डॉ. एम.एस.सिधपुरिया सहित अन्य अधिकारीगण व कैंपस अस्पताल के स्टाफ मौजूद रहे।